# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (09 May)

- **भारत** को एक बार फिर अंतर-सरकारी मंच **आर्कटिक परिषद** का पर्यवेक्षक सदस्य चुना गया है। गौरतलब है कि आर्कटिक परिषद विशेष रूप से सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों को लेकर आर्कटिक देशों, क्षेत्र के स्वदेशी समुदायों और अन्य निवासियों के बीच सहयोग, समन्वय और बातचीत को बढ़ावा देती है। फिनलैंड के रोवानिएमी में हुई आर्कटिक परिषद की 11वीं मंत्रिस्तरीय बैठक में यह फैसला लिया गया। कनाडा, डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे, रूस, स्वीडन और अमेरिका, आर्कटिक परिषद के सदस्य हैं। भारत को 2013 में आर्कटिक परिषद में पर्यवेक्षक देश का दर्जा दिया गया था।
- अमेरिका का चीन के साथ चल रहा ट्रेड वार अब भारत के साथ भी शुरू हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत पर दबाव डालकर अपनी कंपनियों के फायदे के हिसाब से **देश की ई-कॉमर्स नीति** में बदलाव चाहते हैं। इसमें उनका साथ अन्य विकसित देश भी दे रहे हैं। यूरोपियन यूनियन **विश्व व्यापार संगठन (WTO)** के ज़रिये नए नियम भारत पर लागू करवाना चाहता है, जिसका भारत विरोध कर रहा है। भारत के ई-कॉमर्स व्यापार पर विकसित देशों की निगाहें हैं और वे सीधे भारत से नियम बदलवाने के बजाय विश्व व्यापार संगठन (WTO) में पहुँच गए हैं। यूरोपियन यूनियन चाहता है कि WTO पूरी दुनिया के लिये ई-कॉमर्स नियम बनाए, जिसमें सबको **मुक्त व्यापार की प्राथमिकता** मिले। भारत ने इसका विरोध किया है। WTO में भारत के स्थायी प्रतिनिधि जे.एस. दीपक ने हाल ही में यूरोपियन यूनियन की अनौपचारिक व्यापार वार्ता समिति में भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि भारत सहित अधिकांश विकासशील देश ई-कॉमर्स में **बाध्यकारी नियमों** के लिये तैयार नहीं हैं।
- भारत और बांग्लादेश ने **बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान** के जीवन और कार्यों पर फीचर फिल्म बनाने पर सहमति जताई है, जिसके सह-निर्माण की घोषणा दोनों देशों के प्रधानमंत्री कर चुके थे। इस फिल्म का निर्देशन श्याम बेनेगल करेंगे और अतुल तिवारी फिल्म के पटकथा लेखक होंगे। अतुल तिवारी इस परियोजना के लिये पृष्ठभूमि से संबंधित अनुसंधान हेतु बांग्लादेश की यात्रा करेंगे और इस कार्य में बांग्लादेश की फिल्मी हस्ती पिपलू खान उन्हें सहायता प्रदान करेंगे। दोनों देश **बांग्लादेश मुक्ति संग्राम** पर वृत्तचित्र के सह-निर्माण पर भी सहमत हुए। वृत्तचित्र के निदेशक बांग्लादेश से होंगे, जिन्हें भारत के एक सह-निदेशक द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा प्रसार भारती ने डीडी के फ्री डिश प्लेटफॉर्म पर बांग्लादेश टीवी को शामिल करने और इसके लिये कैरिज फी भी माफ करने का फैसला किया है। इसके बदले में बांग्लादेश ने जल्द ही बांग्लादेश में शुरू होने वाले DTH में दूरदर्शन के चैनल को शामिल करने की बात कही। दोनों देशों में आकाशवाणी और बांग्लादेश वायरलेस के बीच सहयोग पर कार्य संबंधी समझौते पर भी सहमति बनी जिसका कार्यान्वयन जून 2019 से शुरू होगा।
- दक्षिण अफ्रीका में भारतीय मूल के पत्रकार **जी.डी. 'रॉबर्ट' गोवेंदर** को ब्रिटेन में 2019 के **वी.के. कृष्ण मेनन पुरस्कार** से सम्मानित किया गया है। गोवेंदर को भारतीय राजनयिक एवं नेता वी.के. कृष्ण मेनन की 123वीं जयंती के मौके पर मरणोपरांत इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वी.के. कृष्ण मेनन लंदन में भारत के **पहले उच्चायुक्त** थे। पत्रकार एवं लेखक के तौर पर गोवेंदर का करियर लगभग 60 वर्षों का था। इसके साथ ही वह ऐसे पहले पत्रकार थे जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका की केवल श्वेत खेल टीमों के अंतर्राष्ट्रीय बहिष्कार का आह्वान किया था। गौरतलब है कि दक्षिण अफ्रीका में अगस्त 1930 में जन्मे गोवेंदर का 2016 में ब्रिटेन में निधन हो गया था।
- अमेरिका के सिएटल में हुई माइक्रोसॉफ्ट की प्रतिष्ठित **इमैजिन कप विश्व चैंपियनशिप** के फाइनल में भारतीय छात्रों की टीम को अपने नवीन **स्मार्ट स्वचालित प्रदूषण रोधी एवं औषधि प्रदाता मास्क** के लिये रनर अप पुरस्कार मिला। टीम में शामिल आकाश भड़ाना, वासु कौशिक और भारत सुंदल ने दुनिया का पहला स्मार्ट स्वचालित प्रदूषण रोधी और औषधि प्रदाता मास्क काएली बनाया है। इसे विशेष रूप से अस्थमा और श्वास रोगियों के लिये बनाया गया है। उनके इस आविष्कार ने फरवरी में सिडनी में हुई **एशिया रीजनल फाइनल प्रतियोगिता** में पहला स्थान हासिल किया था। चैंपियनशिप में पहला स्थान अमेरिका की इजीग्लूकोस टीम को मिला।
- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विश्व प्रसिद्ध गोल्फर **टाइगर वुड्स** को अमेरिका के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया। **प्रेज़िडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम** नामक यह पुरस्कार अमेरिका में किसी भी असैन्य नागरिक को दिया जाने वाला सर्वोच्च अवार्ड है । यह अवार्ड उन नागरिकों को दिया जाता है जिन्होंने राष्ट्रहित में बेहतरीन योगदान दिया हो, साथ-ही-साथ विश्व शांति, संस्कृति जैसे क्षेत्र में सार्वजनिक या निजी उपलब्धि हासिल की हो और जिससे देश का मान बड़ा हो। ज्ञातव्य है कि टाइगर वुड्स ने हाल ही में अपने करियर का पाँचवां मास्टर टूर्नामेंट जीता है । 1963 में राष्ट्रपति जॉन एफ. कैनेडी ने अमेरिका की सुरक्षा, राष्ट्रीय हित, विश्व शांति या अन्य किसी क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिये इस पुरस्कार की स्थापना की थी। टाइगर वुड्स से पहले 30 से अधिक खिलाड़ियों को यह सम्मान दिया जा चुका है।
- लगभग 36 वर्ष तक भारतीय नौसेना की सेवा करने के बाद **INS रणजीत मिसाइल डिस्ट्रॉयर** 6 मई को नौसेना से रिटायर हो गया। विशाखापत्तनम में नौसेना ने INS रणजीत को अंतिम सलामी दी। 1983 में INS रणजीत को मिसाइल डिस्ट्रॉयर के रूप में **भारतीय नौसेना** में शामिल किया गया था। यह सोवियत रूस द्वारा तैयार किये गए **काशिन श्रेणी** के पाँच मिसाइल डिस्ट्रॉयर में से तीसरा है। INS रणजीत का निर्माण यूक्रेन के कोमुनारा शिपबिल्डिंग प्रोजेक्ट के तहत किया गया था। सोवियत रूस में इसे 16 जून, 1979 को लॉन्च किया गया था और 30 अक्तूबर, 1981 को सोवियत संघ की नौसेना में इस मिसाइल डिस्ट्रॉयर को शामिल किया गया। इसके बाद 3950 टन वज़नी यह मिसाइल डिस्ट्रॉयर भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया, जहाँ इसे INS रणजीत नाम दिया गया।
- भारत की सबसे लंबी क्रॉस कंट्री **डेज़र्ट स्टॉर्म रैली** की शुरुआत 8 मई को हुई। रैली का पहला चरण राजस्थान के बीकानेर से शुरू हुआ, जिसके तहत 158 किलोमीटर की दूरी तय की जानी है। देश के थार रेगिस्तान पर होने वाली इस रैली को सबसे खतरनाक कार रैली माना जाता है। चार दिवसीय इस रैली में 100 से अधिक टीमें हिस्सा ले रही हैं। कुल चार दिन में 10 विशेष स्टेज में क्रॉस कंट्री रैली पार करनी होती हैं। थार राजस्थान की रेत पर लगभग 2500 किलोमीटर की रैली के लिये दिन के विभिन्न अंतरालों में 200 किलोमीटर तथा रात को भी 160 किलोमीटर दूरी तय करनी

पड़ती है। इस रैली को **बीकानेर और जैसलमेर** के बीच वभिन्नि चरणों में आयोजति कयिा जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-may-09